TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

# 2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 14 अप्रैल

1. **अम्बेडकर जयंती–** भीमराव रामजी अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल, 1891ई. को मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। बचपन में छुआछूत के कारण अनेक प्रकार के सामाजिक प्रतिरोध का सामना करना पड़ा। उन्होंने सार्वजनिक आंदोलनों, सत्याग्रहों के द्वारा पेयजल के सार्वजनिक संसाधन समाज के सभी वर्गों के लिये खुलवाने के साथ ही उन्होंने अछूतों को भी हिन्दू मंदिरों में प्रवेश करने का अधिकार दिलाने का संघर्ष किया। भारत के संविधान को तैयार कर लोकतंत्र की नींव रखी। बिहार सरकार ने इस दिवस को समरसता दिवस मनाने का निर्णय लिया है।
   - **संदर्भ:** हिन्दी की पाठ्य पुस्तक **किसलय कक्षा 6, पाठ 14, डॉ0 भीमराव अम्बेडकर**, संस्कृत की पाठ्य पुस्तक **अमृता भाग 2, अध्याय 11** तथा **अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 8** से जोड़कर बच्चों को बतायें।

2. **अग्निशमन सेवा दिवस–** 14 अप्रैल, 1944 ई. को मुम्बई बंदरगाह में फोर्टस्टीकेन नामक मालवाहक जहाज जिसमें रूई की गांठें, विस्फोटक एवं युद्ध उपकरण भरे हुए थे, में अकस्मात् आग लग गयी। आग को बुझाते समय जहाज में विस्फोटक सामग्री में विस्फोट होने के कारण 66 अग्निशमन कर्मी आग की चपेट में आ कर वीरगति को प्राप्त हो गये। इन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने और अग्नि से बचाव के उपाय बताने के लिए देशभर में यह दिवस मनाया जाता है।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को अग्निशामक यंत्र के बारे में बतायें। आग के प्रकार तथा उन्हें बुझाने में प्रयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रकार के अग्निशामक यंत्रों/पदार्थों/युक्तियों के बारे में बतायें। नजदीकी फायरब्रिगेड कर्मियों को शुक्रिया कहें।
   - **संदर्भ: विज्ञान भाग 3, पाठ 1,** पृष्ठ 8–10 से जोड़कर बच्चों को बतायें।

3. **नेशनल डॉल्फिन डे–** डॉल्फिन को एक बुद्धिमान जलीय स्तनधारी प्राणी माना जाता है। 1990 के दशक से ही प्रति वर्ष 14 अप्रैल को डॉल्फिन के संरक्षण के महत्व पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यह मनाया जा रहा है। डॉल्फिन का मनुष्यों द्वारा मछली पकड़ने वाले खेल के रूप में भी इस्तेमाल किया जा रहा है। भारत में गंगेटिक डॉल्फिन के संरक्षण हेतु इसे राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया है।
   - **संदर्भ:** बच्चों को **विज्ञान भाग 3, अध्याय 12,** पृष्ठ 161 तथा हमारी दुनिया भाग 2, पाठ 7 से जोड़कर चर्चा करें।

4. **अब्राहम लिंकन की हत्या का प्रयास–** अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को वाशिंगटन के 'फोर्ड थिएटर' में उस समय गोली मार दी गई, जब वे 'आवर अमेरिकन कजिन' नाटक देख रहे थे। उन्होंने अगले दिन

S u n d a y

मधु प्रिया

# अम्बेडकर जयन्ती 14 अप्रैल




अम्बेडकर जयन्ती या भीम जयन्ती डॉ. भीमराव आम्बेडकर जिन्हें डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के नाम से भी जाना जाता है, का जन्म दिन 14 अप्रैल को पर्व के रूप में भारत समेत पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिन को 'समानता दिवस' और 'ज्ञान दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले अम्बेडकर को समानता और ज्ञान के प्रतीक माना जाता है। अम्बेडकर को विश्व भर में उनके मानवाधिकार आंदोलन संविधान निर्माता और उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं और यह दिवस उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। अम्बेडकर की पहली जयन्ती सदाशिव रणपिसे इन्होंने 14 अप्रैल 1928 में पुणे नगर में मनाई थी। रणपिसे अम्बेडकर के अनुयायी थे। उन्होंने अम्बेडकर जयन्ती की प्रथा शुरू की।अम्बेडकर के जन्मदिन पर हर साल उनके करोड़ों अनुयायी उनके जन्मस्थल भीम जन्मभूमि महू (मध्य प्रदेश), बौद्ध धम्म दीक्षास्थल दीक्षाभूमि, नागपुर, उनका समाधी स्थल चैत्य भूमि, मुंबई जैसे कई स्थानिय जगहों पर उन्हें अभिवादन करने लिए इकट्टा होते है। सरकारी दफ्तरों और भारत के बौद्ध-विहारों में भी आम्बेडकर की जयन्ती मनाकर उन्हें नमन किया जाता है। विश्व के 100 से अधिक देशों में अम्बेडकर जयन्ती मनाई जाती है।

# जयंती विशेष 14 अप्रैल

राकेश कुमार




**आंबेडकर जयंती** या **भीम जयंती**, डॉ. भीमराव आंबेडकर जिन्हें **डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर** के नाम से भी जाना जाता है, का जन्म दिन 14 अप्रैल को पर्व के रूप में भारत समेत पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिन को **'समानता दिवस'** और **'ज्ञान दिवस'** के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले आंबेडकर को समानता और ज्ञान के प्रतीक माना जाता है। आंबेडकर को विश्व भर में उनके मानवाधिकार आंदोलन संविधान निर्माता और उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं और यह दिवस उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 14.04.2024

## अनुच्छेद लेखन

किसी विषय पर थोड़े, किन्तु चुने हुए शब्दों में अपने विचार प्रकट करने के प्रयास को अनुछेद लेखन कहा जाता है। यह किसी लेख, निबंध या रचना का अंश भी हो सकता है किन्तु स्वयं में पूर्ण होना चाहिए।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



राकेश कुमार



# खेल कॉर्नर





## ओलम्पिक खेलों पर जरूरी जानकारी Part-1

पहले प्राचीन ओलंपिक खेल **776 ईसा पूर्व ग्रीक भगवान ज़ीउस के सम्मान में** आयोजित किया गए थे ।

पहले आधुनिक ओलंपिक खेल **एथेंस, ग्रीस में 1896** में आयोजित किए गए थे ।

ये खेल **ओलंपिया** शहर में आयोजित किए जाते थे इसलिए इनका नाम ओलंपिक खेल पड़ा ।

**पियरे डी कुवर्तेन** को आधुनिक ओलंपिक खेलों का जनक माना जाता है ।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की स्थापना 1894 में पियरे डी कुवर्तेन ने की थी । इसका मुख्यालय **लुसाने, स्विटजरलैंड** में है ।

ओलिंपिक खेलों का आदर्श वाक्य " **सिटिअस-अल्टिअस-फॉरटिअस" (Citius-Altius-Fortius)** है ।

ओलंपिक प्रतीक पर पांच वलय पाँच रंगों के होते हैं, **लाल, नीला, हरा, पीला और काला** । ये वलय पांच महाद्वीपों का प्रतिनिधित्व करते हैं । (उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका को एक महाद्वीप माना गया है ।)

ओलंपिक ध्वज सबसे पहले एंटवर्प, बेल्जियम में 1920 के ओलंपिक खेलों के दौरान फहराया गया था । ओलंपिक ध्वज की बनावट में एक सफेद पृष्ठभूमि पर ओलिंपिक प्रतीक है ।


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
14 अप्रैल
अगर मुझे लगा कि संविधान का दुरुपयोग किया जा रहा
तो इसे सबसे पहले मैं जलाऊंगा.
डॉ भीमराव अम्बेडकर
स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री,
भारतीय संविधान के जनक
डॉ भीमराव अम्बेडकर जी
की जयंती पर सादर नमन।
मधु प्रिया
/teachersofbihar




14 अप्रैल

अग्निशमन सेवा दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

जयंती विशेष

14 अप्रैल 2024

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

मुझे वह धर्म पसंद है जो स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सिखाता है।

**भीमराव अंबेडकर**

( भारत के संविधान निर्माता )

जन्म: 14 अप्रैल 1891 मृत्यु: 06 दिसम्बर 1956



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org